स्पीड पोस्ट

F. No. I-14011/04/2025 -IPS-I (E)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

पुलिस-1 प्रभाग

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

दिनांक : 03.03.2025

सेवा में,

i. मुख्य सचिव,
बिहार सरकार, पटना
(ध्यानाकर्षण: श्री एम0 एस0 रिजवानी, अवर सचिव)

ii. सचिव,
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली
[ध्यानाकर्षण: श्री संजय कुमार, अवर सचिव (एआईएस)]

**विषय: भारतीय पुलिस सेवा के बिहार संवर्ग में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की चयन सूची - 2024 के लिए पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए रिक्तियों का निर्धारण।**

महोदय,

मुझे, उपरोक्त विषय पर बिहार सरकार के पत्र संख्या 1/सी 01-01/2025 गृह0आ0 2332 दिनांक 25.02.2025 का संदर्भ देने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमें चयन सूची 2024 के लिए 05 रिक्तियों के निर्धारण की बात कही गई है। पिछली चयन सूची वर्ष 2023 के लिए तैयार और अंतिम रूप दी गयी थी, जिसमे दिनांक 27.12.2024 के अधिसूचना के द्वारा वर्ष 2023 के लिए 07 रिक्तियों के समक्ष 05 नियुक्तियां की गई थीं।

2. बिहार संवर्ग की भारतीय पुलिस सेवा में अधिकृत पदोन्नति कोटा 01.01.2025 को 73 था, जिसके समक्ष निर्धारित तिथि को 68 पदाधिकारी सेवा में थे और 05 पद रिक्त थे । इन 05 पदों में से वर्ष 2024 के दौरान 03 पदोन्नति भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के कारण 03 रिक्तियां हुई हैं और चयन सूची वर्ष 2023 में अनंतिम रूप से शामिल 02 अधिकारियों का भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्ति नहीं होने के कारण उत्पन्न चयन सूची वर्ष 2023 की 02 रिक्तियों को, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के नियम 7(4) में निहित प्रावधान के अनुसार वर्ष 2024 के रिक्ति के लिए अग्रेषित किया जा सकता है। इसलिए, चयन सूची 2024 के लिए बिहार संवर्ग के पदोन्नति कोटा में उपलब्ध रिक्तियों की संख्या 05 है।

3. अतः भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 4(2)(बी) के साथ भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 5(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार, बिहार राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए चयन सूची 2024 के लिए रिक्तियों की संख्या **05 (02 अग्रेषित + 03 सेवानिवृत्ति)** निर्धारित की जाती हैं।

4. राज्य सरकार और आयोग से भारतीय पुलिस सेवा के पदोन्नति विनियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है।

भवदीय,

(संजीव कुमार)

भारत सरकार के अवर सचिव

दूरभाष: 23094517

प्रतिलिपि: वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एनआईसी) को उपर्युक्त अधिसूचना को शीर्षक **चयन सूची 2024**-बिहार के तहत वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु (under link https://www.ips.gov.in/vac_bihar.aspx).